# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, तरार, दाउदगनर औरंगाबाद।

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

## अभिरूचि की अभिव्यक्ति

## (Expression of Interest)

राज्य के सरकारी प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों/प्रधानाध्यापकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण एवं नवचयनित शिक्षकों का आरंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम (Induction Training) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, तरार, दाउदगनर औरंगाबाद में संचालित हो रहा है।

शिक्षकों के इन प्रशिक्षणों के बेहतर संचालन हेतु प्रशिक्षण संस्थान, को साधनसेवी (Resource Person) के रूप में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर अथवा एम0ए0सी0/एम0ए0 व एम0एड0 योग्यताधारी साधनसेवी की आवश्यकता है। इस कार्य के लिए साधनसेवी को मानदेय के रूप में रू0 1000/– प्रतिदिन (न्यूनतम दो कक्षा यात्रा भत्ता सहित) भुगतान किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान साधनसेवी को प्रशिक्षण संस्थान, द्वारा भोजन एवं आवासन इत्यादि की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के इच्छुक अवकाश प्राप्त प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर अथवा एम0ए0सी0/एम0ए0 व एम0एड0 योग्यताधारी इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन संस्थान के ईमेल आई0डी0 <diettararaurangabad@gmail.com> पर विज्ञापन/सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर भेज सकते हैं। विस्तृत जानकारी संस्थान के वेबसाइट https://www.dietaurangabad.in/ एवं सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

30/10/2023

(संतोष कुमार)
प्र0प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
तरार, दाउदनगर(औरंगाबाद)।

30/10/2023